कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय

कामाख्यानगर 'कौशल महोत्सव' में एक दिन के भीतर ओडिशा के युवाओं को 1200 नौकरी की पेशकश की गई

ओडिशा में जल्द ही कौशल विकास का केंद्र बनेगा कामाख्यानगर- धर्मेंद्र प्रधान

दिन भर चलने वाले इस कार्यक्रम में 20 से अधिक क्षेत्रों की करीब 100 कंपनियों ने भाग लिया

हजारों उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया और 1,200 को प्रस्ताव पत्र प्रदान किया गया

राज्य के अंदर और बाहर ओडिशा के युवाओं को कई नौकरियों के प्रस्ताव मिले

प्रविष्टि तिथि: 06 NOV 2022 8:32PM by PIB Delhi

देश के युवाओं को कौशल के साथ अवसर प्रदान करने और भारत को दुनिया की कौशल राजधानी बनाने पर ध्यान केंद्रित करने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के अनुरूप, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने अपने रणनीतिक कार्यान्वयन और ज्ञान भागीदार राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के माध्यम से आज ढेंकनाल के कामाख्यानगर के सारंगधार स्टेडियम में कौशल महोत्सव का आयोजन किया, जिसमें जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी गई और पूरे दिन में हजारों पंजीकरण हुए। 20 से अधिक क्षेत्रों में 70 से अधिक बड़ी कंपनियां ओडिशा के युवाओं के लिए बड़ी संख्या में अप्रेंटिसशिप और नौकरी के अवसर लेकर आई।

कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया और ओडिशा के ढेंकनाल से सांसद श्री महेश साहू; ओडिशा सरकार में इस्पात और खान मंत्री श्री प्रफुल्ल कुमार मलिक, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के सीईओ श्री वेद मणि तिवारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

स्थानीय लोगों को प्रेरित करते हुए श्री प्रधान ने कहा, "कामाख्यानगर और ढेंकनाल के युवाओं में अपार संभावनाएं हैं और उन्हें हर संभव अवसर दिए जाने चाहिए। विभिन्न बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास के साथ, मुझे यकीन है कि हम स्थानीय आर्थिक विकास का समर्थन करने और अपने युवाओं को लाभ पहुंचाने के लिए ऐसे कई कौशल केंद्र बना सकते हैं।”

उन्होंने आगे कहा, “हमने आज कौशल महोत्सव में अवसरों के लिए हजारों युवाओं के पंजीकरण देखे हैं और इन कॉरपोरेट्स से लगभग 1,200 को पहले

ही ऑफर लेटर प्रदान किया जा चुका है। युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए मारुति सुजुकी, एचसीएल जेएसडब्ल्यू, अमेजन, एलएंडटी, अर्बन क्लैप आदि जैसी सौ से अधिक कंपनियां आज महोत्सव में मौजूद थीं। ऐसी कार्यक्रमों की एक श्रृंखला होगी जो राज्य में समय-समय पर आयोजित की जाएगी, जो ओडिशा के स्थानीय युवाओं और समुदायों के लिए कई अवसरों को लेकर लाएगी। मैं उम्मीदवारों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं और मुझे यकीन है कि आप में से हर एक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा में कौशल विकास के महत्व पर भी जोर दिया गया है, जिसे प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है।"

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के सीईओ श्री वेद मणि तिवारी ने ओडिशा के युवाओं में इन अवसरों का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए इस तरह के उत्साह को देखकर बहुत खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि हम यहां सभी के लिए ढेर सारी अवसरों को लाने के लिए एमएसडीई के मार्गदर्शन में और अपने कॉर्पोरेट भागीदारों के साथ मजबूत साझेदारी में काम करने में सक्षम होंगे।

दिन भर चलने वाले इस कार्यक्रम में कई क्षेत्र कौशल परिषद (एसएससी) और कंपनियों ने युवाओं के लिए कौशल विकास के बारे में जागरूकता पैदा करते हुए एक कौशल प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी पेशकशों का प्रदर्शन किया। कई उम्मीदवारों को कौशल महोत्सव में एक निःशुल्क साइकोमेट्रिक टेस्ट लेने का अवसर भी मिला और कौशल महोत्सव में समूह काउंसलिंग में भाग लिया। जिन लोगों को अवसर नहीं मिला, उन्हें @nsdcdigital.nsdcindia.org पर पंजीकरण करने और उपयुक्त नौकरियों की तलाश में रहने के अवसरों के लिए आवेदन करने और ऑनलाइन काउंसलिंग के विकल्प का लाभ उठाने के लिए सूचित किया गया।

प्रतिभागियों ने ड्रोन और एआर/वीआर तकनीक का डेमो भी देखा; और रोजगार के संभावित अवसर जो इस क्षेत्र में हैं, उसके बारे में भी जाना। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के स्किल इंडिया मिशन को अपने कार्यान्वयन संगठनों जैसे सामान्य प्रशिक्षण निदेशालय और एनएसडीसी के माध्यम से सुदृढ़ करके विभिन्न कौशल प्रशिक्षण योजनाओं और पहलों को लागू कर रहा है, जैसे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई), प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) प्रधानमंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके), और राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप संवर्धन योजना (एनएपीएस), जो युवाओं, विशेष रूप से स्कूल / कॉलेज छोड़ने वालों के कौशल प्रशिक्षण के लिए लक्षित हैं और उन्हें रोजगार योग्य कौशल प्रदान करते हैं।

*****

एमजी/एएम/केसीवी/डीके-

(रिलीज़ आईडी: 1874351) आगंतुक पटल : 29

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Telugu